All district headquarters are having STD facilities. Out of 99 Sub-divisionai headquarters 83 are having STD facility. Remaining 16 Sub Divisional Headquarters are planned to be covered during current financial year subject to availability of equipment, (Details in Statement) (See *below)*

(e) Progressively during the 8th plan period subject to the availability of resources.

Statement

1. Bagha
2. Bikramganj
3. Dalsinghasarai
4. Hilsa
5. Japla
6. Naugachia
7. Piro
8. Phulparas
9. Rajauli
10. Rajmahal
11. Simdega
12. Saraikela
13. Udakishanganj
14. Tenughat
15. Haveli Kharagpur
16. Sikrahna

कानपुर के लिए वायु सेवा का बन्द किया जाना

*553. **चौधरी हर मोहन सिंह :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कानपुर की वायु सेवा को बंद कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसे कब बंद किया गया और उसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि कानपुर हवाई मार्ग का घाटा उन दूसरे मार्गों से कम था जिन पर वायु सेवायें बंद की गई हैं ; और

(घ) बंद की गई वायु सेवाओं का ब्यौरा क्या है, तथा प्रत्येक वायु सेवा पर कितना घाटा हुआ है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) विमान क्षमता संबंधी अवरोधों और अपर्याप्त लोड फैक्टर के कारण कानपुर के लिए इंडियन एयरलाइन्स की सेवा को 20-5-1992 से बंद कर दिया गया था ।

(ग) और (घ) पिछले एक वर्ष के दौरान, दिल्ली-कानपुर-गोरखपुर-दिल्ली और दिल्ली-कानपुर-इलाहाबाद- दिल्ली को छोडकर इंडियन एयरलाइन्स की और किसी सेवा को बंद नहीं किया गया है ।

वायुदूत के वायु मार्ग

*554. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में वायुदूत द्वारा किन-किन वायुयानों पर कितने-कितने विमान चलाए जा रहे हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि इंडियन एयरलाइन्स के किरायों की तुलना में वायुदूत में किराए अधिक हैं; यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि वायुदूत को अपने विमानों के रख-रखाव पर अपेक्षाकृत अधिक खर्च करना पड़ रहा है ; और

(घ) इस समय वायुदूत द्वारा चलाए जा रहे विमान कितने पुराने हो चुके हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) वायुदूत द्वारा परिचालित हवाई मार्गों की एक